हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, बुधवार 11 मार्च 2026

11 महिलाओं की शिक्षा और समानता की अग्रदूत थीं...



12 पावर बिल 2025 पास करवाने के विरोध में...



## खबर संक्षेप

### तीन दिन बाद नहर से मिला किशोर का शव

**हिसार।** 7 मार्च को नहर में नहाने गए 16 वर्षीय अंकुश निवासी हसनगढ़ का शव पाबड़ा ब्रांच के पास बरामद हुआ है। मृतक के शव का मंगलवार को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। बताया जाता है कि 7 मार्च को अंकुश गांव के एक लड़के के साथ नहर में नहाने गया था। वह लड़का तो वापस आ गया, लेकिन अंकुश नहीं लौटा। अंकुश की तलाश कर रहे परिजनों ने सीसीटीवी की फुटेज खंगाली तो अंकुश और एक लड़का एक साथ जाते दिखाई दिए। बाद में अंकुश के परिजनों ने उस लड़के से बातचीत की तो उसने बताया कि दोनों नहर में नहाने गए थे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई और नहर में अंकुश को तलाशने का अभियान शुरू हुआ। सोमवार की शाम गोताखोरों को अंकुश का शव पाबड़ा ब्रांच में गांव प्रभुवाला के पास बरामद हुआ।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 को

**हिसार।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत आगामी 14 मार्च को हिसार स्थित न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से आमजन के लंबित मामलों का त्वरित, सुलभ और आपसी सहमति से समाधान सुनिश्चित किया जाता है। लोक अदालत में जिन नागरिकों के केस न्यायालयों में लंबित हैं, वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का निपटारा शांतिपूर्ण ढंग से करवा सकते हैं। सचिव अशोक कुमार ने बताया कि 14 मार्च को आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक व पारिवारिक विवादों के साथ-साथ आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम संबंधी विवाद, बैंक ऋण वसूली, बिजली से जुड़े मसले, पेंशन, हाउस टैक्स आदि मामलों का समाधान किया जाएगा।

### नेशनल अप्रेंटिसशिप सह रोजगार मेला 16 को

**हांसी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 16 मार्च को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप सह रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां व संस्थान भाग लेकर युवाओं को अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। संस्थान के प्रधानाचार्य भूप सिंह ने बताया कि यह मेला कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही एसडीआईटी निदेशालय के निर्देशों के तहत इस कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य 10वीं, 12वीं, आईटीआई तथा पॉलिटेक्निक डिप्लोमा उत्तीर्ण युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों के माध्यम से अप्रेंटिसशिप तथा रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना है, ताकि युवा अपने कौशल के अनुसार बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकें।

*400 किशोरों पर हुए अध्ययन में खुलासा*

*नशे से भी खतरनाक है इंटरनेट की लत*

# कम आत्मसम्मान-भावनात्मक अस्थिरता बढ़ा रही इंटरनेट की लत

# ग्रामीण लड़के-शहरी लड़कियां अधिक शिकार, किशोरों के लिए चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में किए गए एक शोध में किशोरों में बढ़ती इंटरनेट लत के पीछे के मनो-सामाजिक कारणों का खुलासा हुआ है। इस अध्ययन में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कुल 400 किशोरों (लड़के एवं लड़कियां) को शामिल किया गया। शोध का उद्देश्य इंटरनेट लत और उससे जुड़े मनो-सामाजिक कारकों का गहन अध्ययन करना था। यह शोध मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. संजय परमार के निर्देशन में डॉ. अमित सारसर द्वारा पीएचडी के तहत संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस शोध के लिए शोध निर्देशक व शोधकर्ता को बधाई दी तथा कहा कि गुणवत्तापरक व समाज उपयोगी शोध ही वास्तविक शोध है।

### टालमटोल-आवेगशीलता से सीधा संबंध



विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. संजय परमार ने बताया कि शोध में पाया गया कि इंटरनेट लत का सीधा संबंध टालमटोल और आवेगशीलता से है। जिन किशोरों में कार्यों को टालने और आवेग में निर्णय लेने की प्रवृत्ति अधिक पाई गई, उनमें इंटरनेट लत का स्तर भी अधिक देखा गया। इसके अतिरिक्त, जिन किशोरों में आत्मसम्मान और लचीलापन का स्तर कम था, उनमें इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग की प्रवृत्ति अधिक पाई गई। अध्ययन में यह भी सामने आया कि भावनात्मक अस्थिरता जैसे व्यक्तित्व गुण इंटरनेट लत से जुड़े हुए हैं।

### ऑनलाइन गेमिंग की प्रवृत्ति भी वजह

शोध के निष्कर्षों के अनुसार, ग्रामीण किशोर लड़कों में इंटरनेट लत का स्तर अपेक्षाकृत अधिक पाया गया, जिसका एक संभावित कारण ऑनलाइन गेमिंग की अधिक प्रवृत्ति और सीमित मनोरंजन साधन हो सकते हैं। वहीं, शहरी किशोरियों में सोशल मीडिया और डिजिटल संचार के अधिक उपयोग के कारण इंटरनेट निर्भरता का स्तर अपेक्षाकृत अधिक पाया गया। हालांकि लिंग और क्षेत्र के आधार पर स्वतंत्र रूप से कोई बड़ा अंतर नहीं मिला, लेकिन दोनों के संयुक्त प्रभाव (इंटरेक्शन) से महत्वपूर्ण अंतर सामने आया, जो दर्शाता है कि इंटरनेट लत एक बहुआयामी मनोवैज्ञानिक समस्या है।

### सुझाव

शोध में सुझाव दिया गया है कि विद्यालयों में नियमित काउंसलिंग कार्यक्रम, भावनात्मक संतुलन एवं आत्म-नियंत्रण प्रशिक्षण तथा डिजिटल साक्षरता अभियान चलाए जाने चाहिए। साथ ही अभिभावकों की सक्रिय निगरानी और मार्गदर्शन भी किशोरों को इंटरनेट लत से बचाने में सहायक हो सकता है।

### यह मनोसामाजिक समस्या



*डॉ. अमित सारसर के अनुसार इंटरनेट आधुनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन इसका संतुलित और नियंत्रित उपयोग ही किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इंटरनेट की लत एक मनोसामाजिक समस्या है। यह मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक कारणों का मिश्रण बनकर एक किशोर को गलत रास्ते पर ले जाता है। परिवार, समाज तथा दूसरी सभी संस्थाओं को इस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। एक मानसिक रूप से स्वस्थ किशोर ही एक सक्षम समाज तथा राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।*

## पेपरलैस रजिस्ट्री प्रक्रिया नहीं आ रही रास, बार-बार तहसील के चक्कर काटकर लोग परेशान

अप्रूवल में हो रही देरी बड़ी वजह, डीसी के दरबार में पहुंची डीलर्स एसोसिएशन

# 3 की जगह लग रहे 15-20 दिन, 500 रजिस्ट्रियां पेंडिंग

### नए कलेक्टर रेट के फेर में रजिस्ट्रियां फंसी तो बजट बिगड़ने का सता रहा डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सरकार द्वारा एक नवंबर से शुरू की गई पेपरलैस रजिस्ट्री प्रक्रिया आम लोगों व प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन को रास नहीं आ रही है। इसकी बड़ी वजह ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रक्रिया में समय की बचत के बजाय अधिक समय लगना है। हिसार तहसील में हालात यह है कि करीब 15 दिन पुरानी रजिस्ट्रियां अप्रूवल में हो रही देरी के कारण पेंडिंग पड़ी है। जैसे-जैसे वित्त वर्ष खत्म होने को है, इससे जिनकी रजिस्ट्रियां अप्रूवल में हो रही कारण के कारण पेंडिंग है, उनमें बेचैनी भी बढ़नी शुरू हो गई है। उन्हें यह डर सताने लगा है कि नए वित्त वर्ष के लागू होने के साथ ही नए कलेक्टर रेट लागू हो जाएंगे और कलेक्टर रेट बढ़ने की प्रबल संभावना भी है, ऐसे में उन्हें



**हिसार।** उपायुक्त को पत्र सौंपने जाते हिसार प्रॉपर्टी डीलर वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

आर्थिक नुकसान होगा। हिसार तहसील में अप्रूवल में हो रही देरी के कारण करीब 500 रजिस्ट्रियां पेंडिंग चल रही है। प्रॉप्टी डीलर एसोसिएशन मंगलवार को डीसी के दरबार में पहुंची और हिसार तहसील में रजिस्ट्रियों की सुस्त चाल के कारण आने वाली दिक्कतों से अवगत करवाया।

इस पर डीसी ने कहा कि वे संबंधित अधिकारियों से इस विषय में रिपोर्ट लेंगे और लंबित रजिस्ट्रियों के अनुमोदन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी और प्रक्रिया को समयबद्ध बनाने के प्रयास किए जाएंगे। रजिस्ट्री प्रक्रिया की पुरानी व्यवस्था में एक रजिस्ट्री अलग-अलग चरणों से गुजरने के बाद 3 दिन में हो जाती थी। वर्तमान में पेपरलैस रजिस्ट्री प्रक्रिया में समय की बचत की बजाय समय और अधिक बढ़ा है। अब ऑनलाइन पेपरलैस रजिस्ट्री होने में हिसार तहसील में 15 दिन से अधिक का समय लग जाता है। प्रदेश की अन्य तहसीलों में तीसरे दिन रजिस्ट्री हो जाती है, लेकिन हिसार में ही दिक्कत आ रही है।

### 24 फरवरी तक की रजिस्ट्रियों की प्रक्रिया ही लंबित

प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय डालमिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि हिसार तहसील में 24 फरवरी 2026 तक की रजिस्ट्रियां लंबित हैं। अनुमोदन में देरी से बैंक लोन, संपत्ति हस्तांतरण और निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लोगों को बार-बार तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे समय और धन की हानि हो रही है। प्रदेश की अन्य तहसीलों में ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रक्रिया सुचारु है, लेकिन हिसार में दिक्कतें अधिक हैं। इस पर डीसी ने अधिकारियों से रिपोर्ट तलब कर जल्द समाधान और लंबित रजिस्ट्रियों के निपटान का आश्वासन दिया तथा नायब तहसीलदार को निगरानी के निर्देश दिए।

### यह थी पुरानी व्यवस्था

जमीन की खरीद-फरोख्त के लिए के लिए खरीदार तथा विक्रेता को कई चरणों से गुजरना पड़ता था। पहले जमाबंद पोर्टल पर अपॉइंटमेंट लेना होता था। इसके बाद अर्जीनवीस (ड्राफ्ट लेखक) से रजिस्ट्री का ड्राफ्ट तैयार करवाना होता था। फिर दस्तावेजों की जांच, फोटो व हस्ताक्षर के लिए दोनों पक्षों को तहसील कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से पेश होना पड़ता था। कई बार दस्तावेजों में छोटी-मोटी त्रुटियां रह जाने पर लोगों को तहसील के चक्कर लगाने पड़ते थे। इस प्रक्रिया में दो से तीन दिन या फिर उससे ज्यादा समय भी लगता था। इसके अलावा दलालों की भूमिका और अनाश्वक खर्च भी आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनता था।

### यह है नई प्रक्रिया

प्रदेश सरकार ने एक नवंबर से पूरी रजिस्ट्री प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है। जिसका संचालन ई-रजिस्ट्री पोर्टल से किया जाएगा। पहले प्री-अपॉइंटमेंट के लिए खरीदार और विक्रेता को रजिस्ट्री से जुड़े सभी दस्तावेजों को पोर्टल पर अपलोड करना होगा। भुगतान भी ऑनलाइन होगा और रजिस्ट्री का ड्राफ्ट भी डिजिटली तैयार होगा। इसके बाद अपलोड दस्तावेज रजिस्ट्री क्लर्क के पास ऑनलाइन पहुंचेंगे। सभी दस्तावेज जांच में सही मिलते हैं तो रजिस्ट्री क्लर्क उन्हें सब रजिस्ट्रार या संयुक्त सब रजिस्ट्रार के पास फॉरवर्ड करेगा। इस पूरी प्रक्रिया के लिए 5 दिन का समय है। अगर रजिस्ट्री क्लर्क या सब रजिस्ट्रार को दस्तावेज वेरीफाई करने के दौरान कोई त्रुटि मिलती है तो वे ऑनलाइन ही उस पर रिमार्क डालकर रिजेक्ट सकते हैं। दस्तावेज सही मिलते हैं तो खरीदार व विक्रेता को रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट मिल जाएगी। इस पर दोनों पक्षों को एक केवल बार तहसील कार्यालय में एक बार जाकर फोटो तथा बायोमीट्रिक सत्यापन होगा।

## प्रिंटिंग प्रेस कर्मचारी की हत्या में एक आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर थाना पुलिस ने प्रिंटिंग प्रेस कर्मचारी साहिल के मर्डर मामले में एक आरोपी को काबू कर लिया है। पुलिस ने आरोपी सकिन निवासी यूनिवर्सिटी विहार, घोड़ा फार्म को सत्य नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी के अन्य साथियों के ठिकानों के बारे में पूछताछ करेगी। शुरुआती पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि हम हमेशा की तरह ड्रिंक कर रहे थे। इस दौरान आपस में गाली गलौज और बहस हो गई थी जिस वजह से हमने उस पर हमला कर दिया था। विद्यानगर निवासी मृतक के भाई राजकुमार द्वारा पुलिस को दिए गए बयान के अनुसार, साहिल शुक्रवार शाम करीब 6 बजे घर से 'शकिन की दुकान' जाने का नाम लेकर निकला था। रात लगभग 10:30 बजे परिजनों को सूचना मिली कि साहिल रेलवे लाइन के पास घायल अवस्था में पड़ा है। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो साहिल मृत अवस्था में पाया गया। मृतक के भाई राजकुमार ने आरोप लगाया था कि अंडे की दुकान चलने वाले सकिन, उसके भाई मोहित व अन्य ने बुरी तरह पीट कर हत्या की थी। इसके बाद शव को रेलवे लाइन के पास फेंक दिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस थाना शहर द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए अभियोग दर्ज कर जांच प्रारम्भ की गई। घटनास्थल पर पुलिस टीम के साथ फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट व सीन ऑफ क्राइम टीम को भी बुलाया गया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर गहन निरीक्षण करते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्रित की गए। इस मामले में पुलिस ने पहले आरोपी सकिन को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।



■ शराब के नशे में विवाद होने पर की थी साहिल की हत्या

## कार पेड़ से टकराई, दो दोस्तों की मौत, एक गंभीर

■ शादी समारोह से वापस आते समय तलवंडी रूक्का के पास बेसहारा पशु के सामने आने से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

तलवंडी रूक्का के पास मंगलवार अलसुबह कार के सामने बेसहारा पशु के सामने आने से दर्दनाक हादसा हो गया। कार अंनियंत्रित होकर एक पेड़ से टक्कर गई और उसमें सवार दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक 30 वर्षीय चिड़ौद निवासी कृष्ण श्योराण और गांव चौधरीवास निवासी 28 वर्षीय अमित के शवों का नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम कर उन्हें परिजनों को सौंपा दिया गया। वहीं मृतकों के दोस्त घायल कार चालक गांव रावतखेड़ी निवासी राकेश को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

मृतक के परिजनों ने बताया कि चौधरीवास निवासी अमित तथा चिड़ौद का कृष्ण श्योराण अपने दोस्त की शादी में गांव रावतखेड़ा गए थे। रावतखेड़ा में अपने दोस्त राकेश के साथ सभी कार में सवार होकर बारात में भिवानी जिले के गांव जितवानावास पहुंचे थे। जब तीनों वापस लौट रहे थे तो तलवंडी रूक्का गांव के पास अचानक बेसहारा पशु कार के सामने आ गया। इस कारण कार चालक राकेश का गाड़ी से संतुलन खो गया और गाड़ी सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में कृष्ण तथा अमित की मौत हो गई, जबकि राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। घायल राकेश को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### कार ने ई-रिक्शा को पीछे से मारी टक्कर चालक की जान गई, दो सवारियां घायल

**हिसार।** तेज रफ्तार कार ने मंगलवार की सुबह कृष्णा नगर मोड़ पर एक ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मारी, जिससे ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि उसमें सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक 40 वर्षीय मनोज वासी शिव नगर के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार शिव नगर निवासी मनोज कुमार मंगलवार की सुबह अपनी ई-रिक्शा बस स्टैंड से सवारियों को बैठाकर अर्बन एस्टेट की तरफ जा रहा था। कृष्णा नगर मोड़ पर तेज गति से आ रही एक गाड़ी ने ई- रिक्शा को पीछे से ठोंका दिया। इससे ई-रिक्शा पलट गई और चालक मनोज कुमार, उसमें सवार अर्बन एस्टेट निवासी सुरेंद्र कुमार और शिव नगर निवासी सुरेंद्र घायल हो गए। सभी को तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चालक मनोज को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## लूट-डकैती समेत 26 मामलों में संलिप्त दो आरोपी ग्लोबल स्पेस क्षेत्र से पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

26 मामलों में संलिप्त दो आरोपी 12 क्वार्टर पुलिस चौकी के हत्थे चढ़ गए। ग्लोबल स्पेस एरिया से गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रमोद उर्फ शूटर निवासी गीता कॉलोनी तथा विकास उर्फ कालिया निवासी खेदड़ के रूप में हुई है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

गौरतलब कि विकास कॉलोनी की गली नंबर एक निवासी सतबीर सिंह ने घर में चोरी होने की शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार चोरों ने उसके घर से 1 तोला सोने की चेन, 2 चांदी की चेन और लगभग 70,000 रुपये नकदी चोरी की थी। चोरी की वारदात उस समय हुई, जब घर में कोई नहीं था। वह और उसकी पत्नी काम से बाहर गए हुए थे। वापस घर आने पर चोरी की वारदात का खुलासा हुआ था। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की। 12 क्वार्टर चौकी इंचार्ज एएसआई राकेश ने नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपी प्रमोद उऱ्फ़ शूटर निवासी गीता कॉलोनी तथा विकास उर्फ कालिया निवासी खेदड़ को ग्लोबल स्पेसस क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने 26 वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकारी।

पुलिस के अनुसार आरोपी विकास उर्फ कालिया के खिलाफ लूट, डकैती, मारपीट, नशीले पदार्थ अधिनियम, आर्म्स एक्ट, चोरी, स्नैचिंग व अन्य 20 के करीब अभियोग विभिन्न थानों में दर्ज हैं। आरोपी प्रमोद पर स्नैचिंग तथा चोरी के छह केस अलग-अलग थानों में दर्ज है।

**तैयारी** जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों के लिए हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस वर्कशॉप आरंभ

अधिकारी-कर्मचारी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं : नगराधीश

# अबकी बार डिजिटल होगी जनगणना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जनगणना-2027 के पहले चरण में हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस को लेकर मंगलवार को जनगणना से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर नगराधीश हरिराम, एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला सांख्यिकी अधिकारी अमित कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नगराधीश हरिराम ने कहा कि जनगणना देश का एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर सरकार की विभिन्न योजनाएं और नीतियां तैयार की जाती हैं। इसलिए सभी अधिकारी इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ निभाएं। उन्होंने बताया कि जनगणना में रिसर्च, प्लानिंग आदि व्यवस्थाओं का आधार मानकर ही कार्य किया जाता है। अबकी बार जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी। इसलिए इस कार्य में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और इसे समयबद्ध एवं त्रुटिहीन रूप से संपन्न करें।



**हिसार।** बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते प्रशासनिक अधिकारी।

### केंद्र सरकार की निगरानी में होगी पूरी प्रक्रिया

डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सचिन गर्ग ने कहा कि यह प्रक्रिया सीधे तौर पर केंद्र सरकार की निगरानी में है और भविष्य की सभी सरकारी नीतियों व जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का मुख्य आधार बनेगी। उन्होंने बताया कि नगर निकाय क्षेत्र में अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेंद्र श्योराण को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो शहरी क्षेत्र में जनगणना कार्यों की देखरेख करेंगे। फिल्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण 16 से 18 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

### तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश

एसडीएम ज्योति मित्तल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना से संबंधित सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाए ताकि इस कार्य के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना के लिए नियुक्त किए जाने वाले कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए और उन्हें कार्य से संबंधित सभी जरूरी जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जनगणना के दौरान एकत्रित की जाने वाली जानकारी पूरी तरह सटीक और प्रमाणिक हो। जनगणना से देश की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति तथा विभिन्न संसाधनों की सटीक जानकारी प्राप्त होती है।

### आज भी मिलेगा प्रशिक्षण

जिला सांख्यिकी अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि मंगलवार को राष्ट्रीय ट्रेनर प्रमोद कुमार तथा मास्टर ट्रेनर रामदासो ने अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। बुधवार को भी अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनगणना के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और मटेरियल वितरण कैसे होगा व अन्य विषयों पर गहनता से जानकारी दी जा रही है।

## ट्रंप और नेतन्याहू का पुतला फूंका

■ संयुक्त किसान मोर्चा ने लगाए साम्राज्यवाद और युद्ध की राजनीति के खिलाफ नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अग्रसेन चौक पर अमेरिका और इजरायल की युद्धोन्मुखी और दमनकारी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान किसानों और मजदूरों ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का पुतला फूंककर अपना रोष प्रकट किया। इसकी अध्यक्षता मास्टर कर्मबीर जलंधरा ने की। इस प्रदर्शन में क्षेत्र के किसान, मजदूर और विभिन्न जन संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और साम्राज्यवाद तथा युद्ध की राजनीति के खिलाफ नारे लगाए। किसान नेता सरदानन्द राजली ने कहा कि आज पूरी दुनिया में साम्राज्यवादी ताकतें अपने आर्थिक और राजनीतिक हितों के लिए युद्ध और टकराव की नीतियों को बढ़ावा दे रही हैं, जिसका सबसे ज्यादा नुकसान गरीब देशों के मेहनतकश लोगों, किसानों और मजदूरों को उठाना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजरायल की नीतियां विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही हैं, जिसके खिलाफ दुनिया भर के लोकतांत्रिक और प्रगतिशील लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। प्रदर्शन में किसानों और मजदूरों ने एकजुट होकर शांति, लोकतंत्र और जन अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर किसान नेता सरबत पुनिया, सत्यवान खेदड़, ईश्वर वर्मा, मास्टर फुल सिंह, रोहतास राजली, बलजीत सिहाग, रामफल नम्बरदार, राजबीर सरपंच, सत्यवान रेडडू, राज सिंह बौद्ध, कामरेड मोहन लाल, महासिंह सिंधु, बसाऊराम आदि थे।





**बरवाला।** ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू का पुतला फूंकते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य।



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style



# अनीत बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

एजेंसी ▸▸ मुंबई

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।

## हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

## टीवी मसाला



# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है।



निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

*नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



## अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

## 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...



**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन

*नई दिल्ली। 'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

## 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

## बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।





## घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

## कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे। '

## बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।

## खबर संक्षेप

### आश्रम के बुजुर्गों को दवाइयों का सहयोग दिया

**हिसार।** वर्थपर्पज फाउंडेशन ने मानव सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए भूमि आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों के लिए डॉक्टरों द्वारा निर्धारित आवश्यक दवाइयों का सहयोग प्रदान किया। वर्थपर्पज फाउंडेशन की टीम ने डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाइयों को उपलब्ध करवाकर आश्रम के निवासियों को सौंपा। इस अवसर पर वर्थपर्पज फाउंडेशन के निदेशक देवेन्द्र अनेजा, त्रिभुवन लीखा व संरक्षक कमलेश सलूजा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने आश्रम प्रबंधन को दवाइयां सौंपते हुए बुजुर्गों के स्वास्थ्य और सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### बैठक में प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में देशभर के प्रतिनिधियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस बैठक में हरियाणा की भी सराहनीय भागीदारी रही। हरियाणा से 18 प्रतिनिधि बैठक में पहुंचे। हिसार से प्रांत स्वदेशी मेला प्रमुख अनिल गोयल, नवीन जैन व डॉ. भगत सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान की राष्ट्रीय परिषद की बैठक जयपुर के जगतपुरा में आयोजित की गई। इस दौरान स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी व उद्यमी सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक आर. सुंदरम कार्यक्रम अध्यक्ष रहे।

### पीड़ित लोगों को समय पर मिलना चाहिए लाभ

**हांसी।** डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत संचालित दयालु-द्वितीय योजना का लाभ पात्र पीड़ित लोगों तक समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह योजना हरियाणा के निवासियों के लिए शुरू की गई है, जिसके तहत लावारिस/आवारा अथवा जंगली पशुओं जैसे गाय, बैल, कुत्ते, नीलगाय, भैंस आदि के काटने या चोट पहुंचाने से हुई आकस्मिक मृत्यु, घायल होने या दिव्यांगता की स्थिति में पीड़ित परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा समाज के कमजोर वर्गों की सहायता के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### पीएमएफएमई योजना काफी कारगार साबित

**हिसार।** केंद्र सरकार द्वारा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत विशेष पहल की गई है। इस योजना के तहत इच्छुक लाभार्थी अपने नए अथवा मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम की स्थापना, विस्तार एवं उन्नयन के लिए आवेदन कर सकते हैं। सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने में पीएमएफएमई योजना काफी कारगर साबित हो रही है। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण पूंजी पर 35 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये निर्धारित है।

### हिंदी चित्रांकन प्रतियोगिता में याशिका रही प्रथम

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय में हिंदी व संस्कृत विभाग द्वारा होली व बैसाखी के उपलक्ष्य पर मंगलवार को सूक्ति लेखन व चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता शर्मा के तत्वावधान में हुआ। इप्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह रहे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की कला व प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं बहुत जरूरी है। हिंदी चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा याशिका ने, द्वितीय स्थान स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने, तृतीय स्थान स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा निशा ने प्राप्त किया।

---

नई अनाज मंडी के सत्यनारायण मंदिर में होगा भव्य कार्यक्रम

# 22 मार्च को रहेगी हिंदू नववर्ष महोत्सव व रामोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल द्वारा विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में हरियाणा का विशालतम हिंदू नववर्ष महोत्सव एवं रामोत्सव 22 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। नई अनाज मंडी में स्थित श्री सत्यनारायण शिव मंदिर में आयोजित होने वाले इस महोत्सव के प्रति कार्यकर्ता व सदस्यगण काफी उत्साहित हैं। इस महोत्सव की तैयारियों लिए कार्यकर्ताओं की बैठक प्रो. दीपक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न आयोजनों के संदर्भ में विस्तार से चर्चा हुई और सभी कार्यकर्ताओं को भिन्न-भिन्न दायित्व सौंपे गए। बैठक में जहां कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया, वहीं हिंदू नववर्ष आयोजन समिति, मातृशक्ति समरसता समिति, हिन्दवी सेना, ध्रुव मंडली एवं छत्रपति शिवाजी स्मारक समिति सहित 10 से अधिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लेंगे। प्रो. दीपक कुमार ने बताया कि महोत्सव से पहले अब तक की सबसे विशाल दिव्य व भव्य ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। विशेष बात यह रहेगी कि विष्णु तिलक वाली सभी ध्वजाएं अभिमंत्रित रहेंगी। अब तक दो हजार से अधिक श्रद्धालु अपनी ध्वजाएं बुक भी करवा चुके हैं। महोत्सव के दौरान धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें विहिप के केंद्रीय मंत्री अंबरीश जी और हरियाणा आरएसएस के प्रांत प्रचारक सुरेंद्र पाल विशेष रूप से पहुंचेंगे। महोत्सव में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए श्याम रसोई में शुद्ध व सात्विक भोजन प्रसाद व पकवानों की खास व्यवस्था रहेगी।



हिसार। आयोजित बैठक में हिस्सा लेते पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**इन्हें सौंपी जिम्मेदारी**

महोत्सव के लिए हितेश ग्रोवर को कार्यक्रम प्रभारी एवं ममता सोनी को संयोजिका का दायित्व दिया गया है। इनके साथ ही सुनील गोयल, अंजू सिंगल, अनिता बिंदल, उमेश राजपाल, अशोक तिलकधारी, कुसुम गोयल, दीपिका कौशिक व रिंकू साहनी महोत्सव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

---



# प्राचीन शीतला माता मंदिर में दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

- प्राचीन शीतला माता मंदिर में शीतला सप्तमी का तीन दिवसीय मेला जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

मोहल्ला सैनियान मोहल्ला स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में शीतला सप्तमी के पावन अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेले के दूसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दूर-दराज से बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। रात 12:00 बजे पूजा-अर्चना का शुभारंभ हुआ, जिसके बाद भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। श्रद्धालुओं ने धोक लगाकर सुख-समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। माता को मीठी पूरी, गुलगुले, सवाली, मीठी दही, गुड़ के चावल और शीतल जल का भोग अर्पित किया गया तथा बच्चों की सुख-समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं।

मंदिर प्रधान मुकेश सैनी मोनू ने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर हाल में ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है। दूसरे दिन मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों और लड़ियों से भव्य रूप से सजाया गया। मंदिर परिसर में प्राचीन शीतला माता, नगर खेड़ा भोमिया जी महाराज, जीण माता और चौंगान माता का भी प्राचीन स्थान स्थापित है, जहां श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक मत्था टेकते हैं। इस अवसर पर मंदिर के सचिव राकेश सैनी, राम अवतार, सुंदर, मनजीत वर्मा, दीपक, सतबीर, मुकेश, कृष्ण और नरेश सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई ने की

# 'बाली के गलियारों में पुस्तक' का एसडीएम ने किया विमोचन



हांसी। बाली के गलियारों में पुस्तक का विमोचन करते एसडीएम राजेश खोथ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

हांसी जिले के गांव राजपुरा निवासी युवा साहित्यकार बलजीत सिंह की नई यात्रा-वृत्तांत पुस्तक 'बाली के गलियारों में' का मंगलवार को हांसी के लघु सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि एसडीएम राजेश खोथ ने पुस्तक का किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई ने की, इस अवसर पर इतिहासकार जगदीश सैनी तथा प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ.ओमप्रकाश कादयान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर एसडीएम राजेश खोथ ने लेखक बलजीत सिंह को पुस्तक प्रकाशन के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यात्राएं मनुष्य को प्रकृति के साथ जोड़ती हैं और विभिन्न संस्कृतियों से परिचित करवाती हैं। एसडीएम ने कहा कि समाज में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना बेहद आवश्यक है और हमें नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। पुस्तक के लेखक बलजीत सिंह ने अपनी यात्राओं के अनुभव साझा करते हुए बताया कि बाली की यात्रा के दौरान उन्होंने वहां की संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य और जीवनशैली को नजदीक से देखा, जिसे उन्होंने इस पुस्तक में रोचक ढंग से प्रस्तुत किया है। विशिष्ट अतिथि डॉ. ओमप्रकाश कादयान और इतिहास लेखक जगदीश सैनी ने कहा कि किताबें मनुष्य की सच्ची मित्र और मार्गदर्शक होती हैं। जब भी समाज भटकता है, साहित्यकार अपनी लेखनी के माध्यम से उसे सही दिशा दिखाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में मोबाइल का उपयोग कम करके पुस्तकों के अध्ययन पर अधिक ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. सुनील मलिक, कुलदीप यादव आदि रहे।

---

### पांच दिवसीय एआई और वेब डेवलपमेंट कार्यशाला

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के उद्भावना क्लब द्वारा अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वेब डेवलपमेंट पर पांच दिवसीय इंटेंसिव कार्यशाला का आयोजन सुबह और सायं के सत्र में चार बैच में किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को मांग आधारित उच्च स्तरीय तकनीकी कौशल प्रदान करके शैक्षणिक थ्योरी और उद्योगों की जरूरतों के बीच के गैप को कम करना रहा। कॉम्प्रिहेंसिव करिकुलम में दो कोर ट्रैक थे। पहला एआई सेगमेंट जिसमें मशीन लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और डेटा-ड्रिवन डिसीजन-मेकिंग शामिल रहा तथा दूसरा वेब डेवलपमेंट ट्रैक जो प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग के जरिए एचटीएमएल, सीएसएस, जावास्क्रिप्ट और रिस्पॉन्सिव डिजाइन पर आधारित रहा। प्लेसमेंट निदेशक डा. प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यशाला में दोनों बैच में 220 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे सभी प्रतिभागियों के लिए सीखने का एक शानदार माहौल बना।

---

सड़क बाढ़ के कारण हो गई काफी क्षतिग्रस्त, बनी परेशानी

# गंगवा से आर्य नगर तक की सड़क के मरम्मत कार्य को मिली मंजूरी

- लगभग 18 .28 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने से सुधरेगी हालत
- बाढ़ से प्रभावित सडक़ों के सुधार को लेकर सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

गंगवा से आर्य नगर तक जाने वाली सडक़ (रोड आईडी 11551) के विशेष मरम्मत कार्य के लिए प्रस्ताव को सरकार से मंजूरी मिल गई है। लोक निर्माण विभाग ने इस सडक़ के विशेष मरम्मत कार्य के लिए लगभग 18.28 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया था, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा मंजूरी दे दी गई है। बता दें कि यह सड़क बाढ़ के कारण काफी क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके चलते आम नागरिकों और वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि बाढ़ से प्रभावित सडक़ों के सुधार को लेकर सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अधिसूचित रोड मेंटेनेंस पॉलिसी के तहत इस सड़क के रखरखाव और मरम्मत से संबंधित नियमों में छूट देकर इस सडक़ के निर्माण कार्य पूरे किए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सडक़ की मरम्मत होने से गंगवा और आर्य नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने भी लंबे समय से इस सडक़ के सुधार की मांग की थी।



रणबीर गंगवा, कैबिनेट मंत्री।

**नेशनल हाईवे सर्किल से जुड़े पद में अहम बदलाव किया गया**

इसके अतिरिक्त कैबिनेट मंत्री ने बताया कि प्रदेश में रिसर्च लैब और क्वालिटी कंट्रोल से जुड़े कार्यों के संचालन में तेजी व सडक़ों की गुणवत्ता जांच व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए नेशनल हाईवे सर्किल से जुड़े पद में अहम बदलाव किया गया है। सर्किल जींद के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर के पद को री-डिजिग्नेट कर सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर-कम-डायरेक्टर, रिसर्च लैब हिसार किया गया है। इसका मुख्यालय हिसार होगा। लोक निर्माण विभाग हरियाणा की तीनों क्वालिटी कंट्रोल डिवीजनों की निगरानी भी इसी पद के अधिकार क्षेत्र में रहेगी।

---

# हांसी में डोर-टू-डोर कचरा उठान ठप जगह-जगह लगने लगे गंदगी के ढेर

- नागरिक अस्पताल के सामने कूड़े में लगी आग से उठ रहा जहरीला धुआं, सांस लेना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

पिछले लंबे समय से शहर में डोर-टू-डोर कचरा उठान की व्यवस्था बंद होने के कारण अब जगह-जगह गंदगी के ढेर लगने लगे हैं। बाजारों, पार्कों, थानों के आसपास और नागरिक अस्पताल के सामने तक कचरा जमा होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं सरेआम जल रहे कचरे के ढेरों से उठने वाले जहरीले धुंए से आने वाले समय में बीमारियों के फैलने का खतरा भी मंडराने लगा है। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों को दिखाने के लिए नप द्वारा जीटी रोड और शहर के मुख्य चौकों पर सफाई करवाई जा रही है, लेकिन डोर-टू-डोर कचरा उठाने का कार्य पिछले लंबे समय से पूरी तरह ठप पड़ा है। वहीं बस स्टैंड से पुराने बस स्टैंड की ओर जाने वाले रोड़ पर बनी मार्केट में सड़क के बीचों-बीच कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इस रास्ते से हर रोज हजारों लोग गुजरते हैं, लेकिन सफाई व्यवस्था नहीं होने से यहां बदबू और गंदगी से आस-पास के दुकानदार काफी परेशान हैं। इसके साथ ही शहर थाना और सदर थाना के पास लेबर शेड के नजदीक भी कूड़े का बड़ा ढेर बनता जा रहा है।



हांसी। नागरिक अस्पताल के सामने पड़े कूड़े के ढेर से उठता धुंआ।

**जल्द सुधार का भरोसा**

इस संदर्भ में नगर परिषद अध्यक्ष प्रवीण इलाहाबादी ने बताया कि नप द्वारा शहर में डोर-टू-डोर कचरा उठाने के लिए करीब 30 टिप्पर खरीदे गए हैं, लेकिन आरटीओ से पासिंग नहीं होने के कारण वे अभी तक हिसार में खड़े हैं। टिप्पर पासिंग के बाद शहर में घरों से कचरा उठाने की व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी। वहीं नगर परिषद के वाइस चेयरमैन अनिल बंसल ने कहा कि फिलहाल शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और शहर के बाजारों के अलावा वार्डों में हालात ज्यादा खराब हैं।

---

# भारतीय महिलाओं की शिक्षा और समानता की अग्रदूत थीं सावित्री बाई फूले : एडवोकेट सैनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

कोर्ट परिसर में मंगलवार को देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले की 128वीं पुण्यतिथि पर वकीलों द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन और महिलाओं के अधिकारों के लिए किए गए ऐतिहासिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम में एडवोकेट ओशिन सैनी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सावित्री बाई फूले का जीवन संघर्ष, साहस और सामाजिक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने ऐसे समय में महिलाओं और दलितों की शिक्षा के लिए आंदोलन शुरू किया जब समाज में पितृसत्तात्मक व्यवस्था और रूढ़िवादिता का बोलबाला था। सावित्री बाई फूले ने समाज की कुरीतियों को चुनौती देते हुए महिलाओं के हकों की पहली मजबूत लड़ाई लड़ी। एडवोकेट सैनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने महात्मा ज्योतिबा फूले और माता सावित्री बाई फूले के विचारों और संघर्षों को भारतीय संविधान में स्थान दिया जिसके कारण आज महिलाओं को शिक्षा, समानता और अधिकारों की संवैधानिक सुरक्षा प्राप्त है।

इस अवसर पर उपस्थित वकीलों ने कहा कि सावित्री बाई फूले के संघर्षों के कारण ही आज संविधान और सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं, दलितों, पिछड़ों आदि के अधिकारों को मजबूत आधार मिला है। इस दौरान एडवोकेट विनोद गुरी, एडवोकेट जगबीर गुज्जर, एडवोकेट चंदन रॉयल, एडवोकेट दीक्षा, एडवोकेट राजकुमारी, एडवोकेट परवीन कुमारी, एडवोकेट कृष्ण




फोटो 10 एचएसआर 6 : हिसार : माता सावित्री बाई फूले की 128वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते वकील। फोटो : हरिभूमि

---

गुजवि में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कई प्रतियोगिताएं हुईं

# पोस्टर मेकिंग में सपना ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के सौजन्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सलाम नारी को विषय के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग तथा कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा प्रो. दीपा मंगला ने बताया कि पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने सलाम नारी को पर अपने विचारों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने अपने आकर्षक पोस्टरों और प्रभावशाली नारों के माध्यम से महिलाओं की गरिमा, समानता और सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित किया। इन पोस्टरों और नारों के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी और हरियाणवी भाषाओं में कविताओं का पाठ किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार फिजियोथेरेपी विभाग की बीपीटी की छात्रा सपना को प्राप्त हुआ। द्वितीय पुरस्कार हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) की पीएचडी शोधार्थी आरती वर्मा को प्रदान किया गया, जबकि तृतीय पुरस्कार वाणिज्य विभाग के इंटीग्रेटेड बीकॉम-एमकॉम कार्यक्रम की छात्रा पलक को मिला।



हिसार। गुजवि में आयोजित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते प्रतिभागी।

**स्लोगन में महक ने सबको पछाड़ा**

स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एचएसबी की एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स की छात्रा महक को प्राप्त हुआ। इन प्रतियोगिताओं का समन्वयन एचएसबी की डॉ. वंदना सिंह द्वारा किया गया। पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन एचएसबी की प्रो. उब्बा सविता, अप्लाइड साइकोलॉजी विभाग की डॉ. तरुणा गेरा तथा एचएसबी की डॉ. वंदना सिंह ने किया।

---

# दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर करारा तमाचा : राजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कथित शराब घोटाले के मामले में आए न्यायिक फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट के निर्णय ने भाजपा की झूठी और राजनीतिक साजिश को पूरी तरह पहले ही बेनकाब कर दिया था और उस निर्णय से स्पष्ट हो गया था कि तथाकथित शराब घोटाले का मामला न केवल फर्जी और मनगढ़ंत है, बल्कि यह सुनवाई के योग्य भी नहीं है। इसी के चलते सभी आरोपियों को आरोप-मुक्त कर दिया गया था लेकिन आम आदमी पार्टी को फिर से बदनाम करने के लिए सरकार के इशारे पर सीबीआई द्वारा निचली अदालत के निर्णय पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट में अपील दायर की गई थी। तथाकथित शराब घोटाले में दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन हाईकोर्ट ने भी राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले पर कोई रोक नहीं लगाई। हाईकोर्ट का ये निर्णय भाजपा सरकार की साजिश को पूरी तरह बेनकाब करता है और ये साफ-साफ साबित करता है कि भाजपा अपने राजनीतिक विरोधियों को कुचलने के लिए सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही थी।



राजेन्द्र सोरखी।

## खबर संक्षेप

### शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स के लिए आवेदन 18 तक

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयके अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग द्वारा संचालित शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स-फ्रेंच एवं जर्मन (ए1 तथा ए2 स्तर) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 18 मार्च तक कर दी गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि इन कोर्सों का उद्देश्य विद्यार्थियों को विदेशी भाषाओं में दक्षता प्रदान करना है, ताकि वे वैश्विक स्तर पर रोजगार, उच्च शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। आज के वैश्वीकरण के दौर में फ्रेंच एवं जर्मन जैसी भाषाओं का ज्ञान तकनीकी, पर्यटन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, दूतावासों तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### निगम ने 28 बेसहारा पशु भेजे गो अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि नगर निगम की टीम ने आजाद नगर, चन्द्रलोक कॉलोनी, लघु सचिवालय के आस-पास के क्षेत्र से 28 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को गौ-अभ्यारण भेज दिया गया है।

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर काटे चालान

**हिसार।** स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नगर निगम की नियमित रूप से कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में नगर निगम की टीमों ने खुले में कचरा डालने और स्वच्छता नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चालान किए। खुले में कचरा डालने पर रेड स्क्वेयर मार्केट में एक निजी बैंक का एएसआई विजेता ने एक हजार रुपये का चालान किया। इसके साथ सीटीएल प्रदीप जाखड़ व तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू ने सेक्टर 13 की मार्केट में सिंगल यूज प्लॉस्टिक एवं पॉलीथिन का प्रयोग करते पाएं जाने पर तीन दुकानदारों के चालान किए। इसके साथ ही नगर निगम की टीम ने कार्रवाई के साथ-साथ आमजन को स्वच्छता व सिंगल यूज प्लास्टिक से प्रयोग से होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में जागरूक भी किया।

### राजकीय पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों का चयन

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निकर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने कैंपस प्लेसमेंट में नई उपलब्धि हासिल की है। संस्थान में 23 फरवरी को आयोजित कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से आईएसजीईसी हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड, सहारनपुर–कुरुक्षेत्र रोड, ओल्ड हमीदा, यमुनानगर (हरियाणा) में विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखा के चार विद्यार्थियों कृष्ण कांत, परवीन, प्रीतम और हितेश का चयन जूनियर इंजीनियर ट्रेनी पद के लिए हुआ, जबकि राहुल को वेटिंग सूची में रखा गया है। चयनित विद्यार्थियों को कंपनी द्वारा 3.40 लाख रुपये प्रति वर्ष (सीटीसी) का आकर्षक वेतन पैकेज प्रदान किया जाएगा। संस्थान में आयोजित इस कैंपस इंटरव्यू का संचालन टीपीओ डॉ मुकेश बांसल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



हांसी। बिजली बिल 2025 को लेकर प्रदर्शन करते नेशनल कोर्डिनेशन कमेटी इलेक्ट्रिसिटी इंजिनियर इम्प्लाइज यूनियन के सदस्य।



बरवाला। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन बिजली बोर्ड प्रांगण में विरोध प्रदर्शन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## हांसी और बरवाला में पावर बिल 2025 पास करवाने का जोरदार विरोध

# बिजली कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

नेशनल कोर्डिनेशन कमेटी इलेक्ट्रिसिटी इंजिनियर इम्प्लाइज के आह्वान पर मंगलवार को हांसी के सभी सब डिविजनों में बिजली बिल संशोधन कानून 2025 को संसद में मंगलवार को केन्द्र सरकार द्वारा बिल पेश करने व उसे पास करवाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि देशभर में इस बिल के विरोध में सब यूनिट स्तर पर सुबह 10 से 1 बजे तक कार्य का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया गया। इसकी मुख्य वजह बिजली बिल 2025 है जो सरकार लोकसभा में बजट सत्र में बिल पास करना चाहती है जिसके पास होने से आम पब्लिक को बिल महंगी दरों पर वसूल किया जाएगा और किसानों की सब्सिडी, क्रास सब्सीडी खत्म हो जाएगी। केन्द्र और राज्य सरकार प्राइवेटाइजेशन की नीतियों में कोई बदलाव नहीं करना चाहती हैं। बिजली निगमों पर सरकार का घाटा 26000 करोड़ से बढ़कर 6 लाख करोड़ हो गया है नीतियों की समीक्षा करने की बजाय सरकार इन बिजली के क्षेत्र को प्राइवेट कंपनियों के हाथों में सौंपना चाहती है। बिजली प्राइवेट होने के बाद किसान, गरीब, मजदूर की पहुंच से बाहर हो जाएगी इसलिए यूनियन इस पावर बिल 2025 का विरोध करती हैं अगर लोकसभा में इस बिल को पास किया गया तो यूनियन राष्ट्रीय आह्वान पर आंदोलन तेज करेंगी। प्रदर्शन को सतीश शर्मा,अमरजीत यादव, राजेश सैनी, श्याम पाल यादव, सुनील यादव, बलराज यादव, मनोज बडाला, राकेश पेटवाड़, सुखबीर मलिक,सतीश रोहिल्ला, राजबीर लोहान, राज सिंह, पवन कुमार, सुमित मित्तल सहित अन्य नेताओं ने सम्बोधित किया।



बरवाला। बिजली निगम बाडो पट्टी में विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी।

### यूनियन ने बाडो पट्टी में किया प्रदर्शन

**बरवाला।** ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन द्वारा बिजली निगम बाडो पट्टी के प्रांगण में केंद्रीय कमेटी के आहवान पर बिजली बिल 2025 का विरोध करते हुए सभी कर्मचारियों ने सीडीओ ऑफिस के सामने विरोध प्रदर्शन करके कार्य का बहिष्कार किया गया। जिसका संचालन सचिव कुलदीप सिंह पंघाल द्वारा किया गया और अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान जयवीर खेदड़ द्वारा की गई। प्रदर्शन को बरवाला ब्लॉक से सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान मनोहर लाल मालिया और राज्य से उपप्रधान सूबे सिंह कादयान ने संबोधित किया और चेतावनी देते हुए कहा कि बिजली बिल 2025 को अगर सरकार ने लागू किया तो कर्मचारियों द्वारा पुरजोर से विरोध किया जाएगा और काम का बहिष्कार किया जाएगा।

### काम का किया बहिष्कार

**बरवाला।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन द्वारा बिजली निगम बरवाला के प्रांगण में केंद्रीय परिषद के आह्वान पर बिजली संशोधन बिल 2025 का विरोध करते हुए कार्य का बहिष्कार करते हुए विरोध प्रदर्शन द्वारा सरकार की नीतियों के खिलाफ सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। जिसका संचालन सब यूनिट सचिव राधेश्याम वर्मा और अध्यक्षता प्रधान अश्विनी पूनिया द्वारा की गई। इस विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रधान अश्विनी पूनिया और सचिव राधेश्याम वर्मा ने कहा कि सरकार बिजली संशोधन बिल 2025 लागू करना चाहती है। जो आम जनता, बिजली उपभोक्ताओं व सभी कर्मचारियों के लिए बहुत ही खतरनाक परिणाम साबित होंगे। जिसको रोकने के लिए कर्मचारी यूनियन बार-बार सरकार से वार्तालाप कर रही है। लेकिन सरकार अपना मनमाना रवैया अपनाए हुए हैं। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह जेई, शमशेर सिंह जेई, पवन शर्मा जेई, विनोद, राजकिशन, सुरेश फोरमैन, रवींद्र, संदीप, सुशीला, मोनू, कमला, पवन, कासिम, ललित,असलम, सुरेंद्र ,विजय, कुलबीर, चंद्रभान व कुलदीप समेत अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्लॉट बेचने के नाम पर 4 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

सिसाय पुल चौकी पुलिस ने प्लाट बेचने का झांसा देकर 4 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दयाल सिंह कालोनी निवासी दिलबाग के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई रविकांत ने बताया कि गंगन खेड़ी निवासी सुरेश कुमार ने पिछले दिनों पुलिस चौकी में शिकायत दी थी कि दयाल सिंह कालोनी निवासी दिलबाग ने उसके साथ जमीन बेचने का इकरारनामा किया और उसे विश्वास दिलाया कि उक्त संपत्ति का वही मालिक है तथा उस पर किसी प्रकार का कोई कर्ज या अन्य भार नहीं है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने प्लॉट बेचने का झांसा देकर उससे 4 लाख रुपये ले लिए। लेकिन बाद में उसे पता चला कि आरोपी दिलबाग ने जानबूझकर धोखाधड़ी की नीयत से उस प्लाट को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया।



- दयाल सिंह कालोनी निवासी दिलबाग के रूप में हुई आरोपी की पहचान
- अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

चौकी इंचार्ज ने बताया कि शिकायत के आधार पर थाना शहर में धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दौराने तफ्तीश पुलिस ने आरोपी दिलबाग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 रुपये बरामद कर पुलिस कब्जा में लेकर आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## छाजूराम बीएड कॉलेज में महिला दिवस पर विस्तार व्याख्यान



**हिसार।** विस्तार व्याख्यान में उपस्थित वक्ता व विद्यार्थी।

**हिसार।** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय ने महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। व्याख्यान में डॉ. पूनम चहल, असिस्टेंट प्रोफेसर छाजूराम लॉ कॉलेज ने महिला अधिकार, न्याय एवं क्रियान्वयन विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। महिलाओं में निवेश से पूरे विश्व को लाभ होता है। इसलिए उनकी कानूनी सुरक्षा को मजबूत किया जाना चाहिए, आर्थिक भागीदारी को बढ़ाना चाहिए और भेदभाव को कम करना चाहिए। इसके लिए डॉ. चहल ने तमाम कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। डॉ. शालिनी गुप्ता ने मुख्य वक्ता का महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया। डॉ. पूनम राणा ने मुख्य वक्ता एवं सभी छात्रों धन्यवाद किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## भाजपा पार्षद व सफाई कर्मियों के बीच सुलह

- एक दिन पहले सफाई कर्मचारियों ने पार्षद आवास पर किया था प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

वार्ड 17 से भाजपा पार्षद राजेश अरोड़ा और सफाई कर्मचारियों के बीच पिछले दिनों सफाई व्यवस्था को लेकर हुआ मनमुटाव समाप्त हो गया है। दोनों पक्षों के बीच चले रहे मनमुटाव को आपसी बातचीत और सहमति से सुलझा लिया गया है। इसको लेकर नगरपालिका संघ इकाई यूनियन के प्रधान सुरेन्द्र व कार्यकारिणी ने मेयर प्रवीण पोपली से मुलाकात की और पूरे मामले पर चर्चा की। बैठक के दौरान पार्षद राजेश अरोड़ा, पार्षद हरिसिंह सैनी, पार्षद राजेंद्र बिडलान, पार्षद नवीन और पार्षद प्रतिनिधि वीरेंद्र शर्मा मौजूद रहे। इसके अलावा सीएसआई राजकुमार, सफाई दारोगा और सफाई कर्मचारी भी बैठक में शामिल हुए। सभी पक्षों ने मिलकर स्थिति को सामान्य बनाने के लिए बातचीत की और भविष्य में बेहतर समन्वय के साथ काम करने पर सहमति जताई।



**हिसार।** मनमुटाव दूर करवाते मेयर प्रवीण पोपली व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### साथ बैठ मामले को सुलझाया

मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि कुछ दिन पहले वार्ड 17 में सफाई कार्यों को लेकर पार्षद राजेश अरोड़ा और सफाई कर्मचारियों के बीच मनमुटाव हो गया था। अब सभी संबंधित पक्षों ने साथ बैठकर मामले को सुलझा लिया है। उन्होंने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पार्षद और सफाई कर्मचारी एक-दूसरे के सहयोग से ही शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित रख सकते हैं। इसलिए भविष्य में इस प्रकार की स्थिति न बने, इसके लिए सभी को मिलकर सकारात्मक तरीके से काम करना होगा।

### यह था मामला

बता दें कि सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया था कि पार्षद राजेश अरोड़ा ने सेक्टर 15 में कार्यरत महिला कर्मी व अन्य के साथ दुर्व्यवहार किया। इसके विरोध में कर्मचारियों ने सोमवार सुबह 8 बजे ही काम छोड़ो हड़ताल शुरू कर दी थी। उन्होंने पार्षद के घर का घेराव कर पुतला फूंका। यूनियन ने चेताया कि जब तक पार्षद माफी नहीं मांगेंगे, वे वार्ड 17 में सफाई नहीं करेंगे। यदि समाधान नहीं निकला तो पूरे शहर की सफाई व्यवस्था ठप करने पर विचार किया जाएगा।

## सेक्टर 13 में विकास कार्य शुरू



**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली का स्वागत करते क्षेत्रवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

मेयर प्रवीण पोपली ने वार्ड नंबर 14 के सेक्टर 13 में मकान नंबर 73 से 80 तथा 49 से 58 तक सड़कों के पैचवर्क कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पार्षद डॉ. सुमन यादव, पार्षद जगमोहन मित्तल, समाजसेवी जगदीश जिंदल जेई संदीप काजल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मेयर प्रवीण पोपली ने कार्य का शुभारंभ करते हुए कहा कि नगर निगम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को लगातार आगे बढ़ा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि सेक्टर 13 के निवासियों ने सड़कों की मरम्मत की मांग थी, जिसे ध्यान में रखते हुए यह कार्य शुरू किया गया है। इस परियोजना के तहत 13 लाख 85 हजार रुपये की लागत से सड़कों की रिपेयर, पैचवर्क और रिकारपेटिंग का कार्य कराया जाएगा।

## अवैध कॉलोनियों में चला पीला पंजा

- जिला योजनाकार विभाग की टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

जिला योजनाकार विभाग ने मंगलवार को बड़े स्तर पर अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की। यह कार्रवाई कैमरी रोड से तोशाम रोड तक चार अवैध कॉलोनियां पर की गई। इस दौरान जेसीबी की मदद से प्रॉपर्टी डीलरों के कार्यालय, पक्के निर्माण समेत इंटरलॉकिंग सड़कें आदि को तुड़वा दिया। यह कार्रवाई पुलिस और हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो की मौजूदगी में की गई। इस मौके पर डीटीपी दिनेश सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार कैमरी रोड से तोशाम रोड तक लिंक रोड क्षेत्र में अनाधिकृत कॉलोनियों में अवैध निर्माण की गया था। इस बारे में जिला योजनाकार विभाग की तरफ से अवैध निर्माण बारे नोटिस भी जारी किए गए थे। इसके बावजूद अवैध कॉलोनियों में निर्माण की कार्रवाई लगातार जारी थी। मंगलवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट सिंचाई विभाग के एक्सईएन नंद किशोर की अगुवाई में अवैध निर्माण गिराने की कार्रवाई शुरू की गई। जिला योजनाकार विभाग ने दीप्ति एन्क्लेव, मास्टर एन्क्लेव, विजय विहार और सालासर एन्क्लेव नाम की अनाधिकृत कॉलोनियों में अवैध निर्माण को गिराया गया। कार्रवाई में इंटरलॉकिंग व मिट्टी के रोड नेटवर्क, प्रीकास्ट सीमेंट बाउंड्री वॉल, 3 डीपीसी लेवल स्ट्रक्चर, 5 प्रॉपर्टी डीलर कार्यालय और 5 अन्य पक्के निर्माण ध्वस्त किए गए।

उधर, डीटीपी दिनेश सिंह ने आमजन से अपील की है कि वे अनाधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें और बिना अनुमति निर्माण कार्य न करें, अन्यथा भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्रवाई की।



**हिसार।** अवैध कॉलोनी में निर्माण गिराती जेसीबी।

### छिम्पा समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 15 को

**आदमपुर।** आदमपुर ब्लॉक छिम्पा समाज सेवा समिति द्वारा 15 मार्च को वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य सहयोगी विनोद वर्मा ने बताया कि समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई करेंगे तथा समारोह की अध्यक्षता हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष सतवीर वर्मा, संत नामदेव सभा हिसार के प्रधान मास्टर स सतनारायण, नांदड़ी के सरपंच प्रतिनिधि राजेश खती तथा आदमपुर थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर विकास कुमार समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर समिति द्वारा 10वीं एवं 12वीं में 80 फीसद से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा तथा 80 साल से ऊपर के समाज के बुजुर्गों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें डॉ. रोबू बंसल व पारुल गर्ग की टीम मरीजों की जांच करेगी तथा दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई जाएगी।

## जिंदल स्टेनलेस स्टील ने जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के साथ किया एमओयू

- मानव संसाधन विभाग के लोगों को और कुशल बनाने के उद्देश्य से किया करार

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने अपने मानव संसाधन विभाग के लोगों को और कुशल बनाने के उद्देश्य से ज़ेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। नौ महीने के इस क्षमता-विकास कार्यक्रम में सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक कामकाजी अनुप्रयोग को साथ में समझाया जाएगा, जिससे जिंदल स्टेनलेस के मानव संसाधन विभाग के लोग कंपनी की लगातार बढ़ती जरूरतों के हिसाब से सशक्त रहें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय और प्लांट्स से 25 मानव संसाधन विभाग के लोग हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम दोनों व्यक्तिगत और ऑनलाइन सत्रों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानव संसाधन विभाग के लोगों की क्षमताओं का विकास, काम करने की प्रक्रियाओं को बेहतर बनाना और कंपनी की बदलती जरूरतों के अनुसार आने वाले समय के हिसाब से तैयार करना है।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस बारे में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसी भी कंपनी की असली ताकत उसके लोग होते हैं। सही नीतियां और प्रक्रियाएं लंबे समय तक उनकी सफलता में अहम भूमिका निभाती हैं। जैसे-जैसे जिंदल स्टेनलेस अपनी उत्पादन क्षमता और ग्राहक आधार का विस्तार कर रहा है, हमारे लिए एक मजबूत और भविष्य उन्मुख नेतृत्व तैयार करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। एक्सएलआरआई के साथ यह साझेदारी प्रतिभा विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।




**हिसार।** एमओयू के मौके पर उपस्थित अधिकारी।

### विवाह शगुन के तहत अब पिछड़ा वर्ग परिवारों को दिए जा रहे हैं 51 हजार : डीसी

**हांसी।** राज्य सरकार ने विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में बढ़ोतरी की गई है। अब पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह पर कन्यादान के रूप में 51 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इससे पहले यह राशि 41 हजार रुपये थी। किसी भी वर्ग से सम्बंधित महिला खिलाड़ी की स्वयं की शादी की शगुन राशि भी दस हजार बढाकर 51 हजार कर दी गई है। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इस निर्णय से 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले हजारों पात्र परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में शगुन के रूप में सहायता प्रदान करना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## हकृवि वैज्ञानिकों ने तैयार किया कैंपस का हाई-रिजॉल्यूशन लैंड यूज मैप

# हकृवि का ग्रीन कवर 79%, ग्रीन हाउस गैसें अवशोषित कर दे रहा शुद्ध हवा

इस मानचित्र से विवि परिसर के ग्रीन कवर एवं भू-उपयोग की स्थिति का किया आकलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कैंपस का नवीनतम लैंड यूज़ लैंड कवर मानचित्र हाई-रिज़ॉल्यूशन इमेज के आधार पर तैयार किया गया है। इस मानचित्र के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर के ग्रीन कवर एवं भू-उपयोग की स्थिति का आकलन किया गया है। यह मानचित्र वानिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ संदीप आर्य, मृदा एवं जल अभियांत्रिकी विभाग की सहायक वैज्ञानिक डॉ दर्शना और कृषि मौसम विज्ञान विभाग के सहायक वैज्ञानिक डॉ. अनुराग द्वारा तैयार किया गया है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने वैज्ञानिकों को बधाई दी व उनके कार्य की सराहना की। कुलपति ने कहा कि हकृवि का ग्रीन कवर, ग्रीन हाउस गैसों का अवशोषण करके शुद्ध हवा दे रहा है।



**हिसार।** कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ वैज्ञानिक।

### विवि परिसर का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 927.91 एकड़

विभाग अध्यक्ष डॉ. संदीप आर्य ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 927.91 एकड़ है। इसमें से लगभग 78.83 प्रतिशत क्षेत्र ग्रीन कवर के अंतर्गत आता है। इस ग्रीन कवर में 24.12 प्रतिशत क्षेत्र पेड़ों से आच्छादित है। ज्ञात रहे कि राष्ट्रीय वन नीति 1988 के अनुसार समतल जगह में 20 प्रतिशत वन होना चाहिए, जबकि विश्वविद्यालय में उससे भी अधिक पेडों का क्षेत्र है जोकि गर्व की बात है। इसके अलावा 31.72 फीसद झाड़ियों एवं घास से तथा 22.99 फीसद कृषि भूमि के अंतर्गत है। अन्य भूमि उपयोग में लगभग 11.07 फीसद क्षेत्र में बिल्डिंग है। खेल मैदान कुल क्षेत्रफल का 2.82 प्रतिशत भाग कवर करते हैं, जबकि जल स्रोत 1.99 प्रतिशत और सड़कें लगभग 5.29 प्रतिशत क्षेत्र में फैली हुई हैं। वर्गीकृत मानचित्र की स्टीकता का आकलन ग्राउंड ट्रूथिंग के माध्यम से किया गया। ज्ञात रहे कि हकृवि का तापमान शहर के मुकाबले 2-3 डिग्री सेल्सियस कम रहता है जोकि परिसर में आने पर महसूस भी किया जा सकता है। ग्रीनकवर न केवल ग्रीन हाऊस गैसों का अवशोषण कर आक्सीजन प्रदान करता है बल्कि कैंपस में घुमने वालों के लिए शुद्ध वातावरण भी प्रदान करता है। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग व कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल उपस्थित रहे।

### दो श्रेणियों में विभाजित

कैंपस क्षेत्र को मुख्य रूप से दो प्रमुख श्रेणियों, ग्रीन कवर तथा अन्य भूमि उपयोग में विभाजित किया गया है। ग्रीन कवर श्रेणी में पेड़, झाड़ियां, घास तथा कृषि भूमि शामिल हैं, जबकि अन्य भूमि उपयोग श्रेणी में निर्मित क्षेत्र, खेल मैदान, जल स्रोत एवं सड़कें शामिल हैं। यह ग्रीन कवर मानचित्र विश्वविद्यालय के सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण, हरित प्रबंधन तथा भविष्य की योजना निर्माण के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। यह अध्ययन विश्वविद्यालय परिसर की पर्यावरणीय समृद्धि को दर्शाता है तथा हरित क्षेत्र को बनाए रखने और बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करता है।